सरकारी संस्थानों की कक्षाएं खाली, कुलपति हुए नाराज

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। निजी शिक्षण संस्थान ही नहीं बल्कि केंद्र और राज्य सरकार के संस्थानों में भी पढ़ाई के नाम पर खिलवाड़ हो रहा है। यूटीयू से संबद्ध दो व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों में कुलपति डॉ. ओंकार सिंह के निरीक्षण में ये सामने आया। इन संस्थानों में कक्षाएं तो चल रही थी, लेकिन छात्रों की संख्या न के बराबर थी। हैरानी की बात ये है कि छात्रों की कहीं उपस्थिति तक नहीं लग रही थी।

कुलपति ने शुक्रवार को सबसे पहले विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सरकारी संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ को-ऑपरेटिव मैनेजमेंट ओल्ड मसूरी रोड का औचक निरीक्षण किया। इसमें एमबीए पाठ्यक्रम की कक्षा चल रही थी, लेकिन छात्रों की संख्या बेहद कम थी।

- यूटीयू से संबद्ध दो संस्थानों में कुलपति ने औचक निरीक्षण किया

जबकि दाखिले काफी ज्यादा दिखाए गए थे। जब कुलपति ने उपस्थिति रजिस्टर मांगा तो उपस्थिति का रिकॉर्ड संस्थान के पास उपलब्ध नहीं था। कुलपति ने उपस्थित छात्रों से उनके विषय के बारे में पूछा तो छात्र उत्तर नहीं दे पाए।

इसके बाद वे गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट पटेलनगर पहुंचे। वहां भी स्थिति कुछ अलग नहीं थी। वहां पर छात्रों की उपस्थिति पंजिका तो बनाई गई थी, लेकिन उक्त उपस्थिति पंजिका में किसी छात्र की उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई।